शुक्रवार
03 मार्च, 2023
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज



अगिआंव बाजार लूटकांड में बक्सर के अपराधियों का हाथ, एक गिरफ्तार 2



## खबरें फटाफट

### पटना मे लूटपाट व हत्या करनेवाले छह आरोपी गिरफ्तार

**पटना।** पटना पुलिस ने राजधानी की सड़कों पर लूटपाट करने वाले लुटेरा गिरोह का भंडाफोड़ किया है। जहां पुलिस ने लूटकांड के 6 आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के पास से एक पिस्टल ,दो मैगजीन ,8 जिंदा कारतूस और एक देशी कट्टा , लूटे गए आभूषण ,रुपए और 7 मोबाइल बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि राजधानी में एक लुटेरा गिरोह सक्रिय है और इस गिरोह के सदस्य रात के सन्नाटे में सड़को और रेलवे स्टेशन के आसपास यात्रियों से हथियार के नोक पर लूट पाट करते थे और इसका विरोध करने गोली मार कर उसकी हत्या कर देते थे।

### पटना में दुकान से 15 लाख के गहने ले उड़े बदमाश

**पटना।** राजधानी पटना में गुरुवार को दिनदहाड़े बदमाश ज्वेलरी दुकान से लाखों रुपये के गहने उड़ाकर फरार हो गए। शुभ लक्ष्मी ज्वेलर्स एंड ब्रदर्स में कुछ लोग ग्राहक बनकर आए थे और दुकान मालिक को चकमा देकर 15 लाख के गहने लेकर उड़न छू हो गए। घटना खगौल रोड, मीठापुर की है। बदमाशों ने 12 बजे घटना को अंजाम दिया है जिसके बाद ज्वेलरी शॉप के मालिक शिशिर कुमार ने जक्कनपुर थाना में आवेदन दिया। बताया कि दो व्यक्ति ग्राहक बनकर आए और उन्होंने चांदी का एक 10 ग्राम का सिक्का खरीदा। इसके बाद सोने का टॉप्स खरीदने के लिए कहा। इसी क्रम में वह बात में फंस गए थे और दोनों बदमाशों ने सोने के सामान का एक डिब्बा चुरा लिया।

### पटना में कोचिंग सेंटर में घुसकर मारपीट

**पटना।** पटना में असामाजिक तत्वों द्वारा कदम कुआं थाना क्षेत्र के मुसल्लम पुर हाट के एक कोचिंग सेंटर में घुसकर छात्रों की पिटाई का मामला सामने आया है। बताया गया कि उस कोचिंग कैंपस में पटना के खान सर की कोचिंग भी है। बुधवार शाम को यहां भारी बवाल काटा गया है. घटना के बाद कोचिंग सेंटर में अफरा तफरी मच गई। बताया गया कि यहां अंबेडकर छात्रावास के छात्रों ने घुसकर तोड़फोड़ की है।

**विधानसभा चुनावः पूर्वोतर के राज्यों में भाजपा को मिली बड़ी जीत, कांग्रेस और वाम दल धराशायी**

# त्रिपुरा-नगालैंड में खिला कमल, मेघालय की सत्ता में भी भागीदार बनेगी भाजपा

**एजेंसी/नई दिल्ली**

भारत के तीन उत्तर-पूर्वी राज्यों त्रिपुरा, नगालौंड और मेघालय में विधानसभा चुनाव के नतीजे गुरुवार देर शाम तक घोषित कर दिए गए। त्रिपुरा में जहां अकेली बीजेपी ने ही बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया, वहीं नगालैंड में बीजेपी-एनडीपीपी गठबंधन ने बंपर जीत दर्ज की है। उधर मेघालय में कोनराड संगना की सत्ताधारी एनपीपी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, लेकिन 27 सीटों के साथ बहुमत से दूर रह गई है। इस बीच बीजेपी ने यहां सरकार गठन में एनपीपी को समर्थन देने का ऐलान किया है।

निर्वाचन आयोग की ओर से जारी अंतिम नतीजों के मुताबिक, त्रिपुरा की 60 सदस्यीय विधानसभा सीटों में बीजेपी आईपीएफटी गठबंधन को 34 सीटों को जीत मिली है, इनमें से 32 सीटें बीजेपी के नाम रहीं। वहीं कांग्रेस और लेफ्ट गठबंधन 14 सीटों पर सिमट गया, जबकि पहली बार चुनाव लड़ रही टिपरा मोथा पार्टी के 13 उम्मीदवारों को जीत मिली है। मुख्यमंत्री माणिक साहा ने भी टाउन बोरडोवली सीट से जीत दर्ज की। उन्होंने राज्य के चुनाव परिणामों पर कहा, हमने पहले भी कहा था कि बीजेपी एक बार फिर बहुमत से सरकार बनाएगी और अब तक के नतीजे बता रहे हैं कि हम सरकार बना रहे हैं। मैं पीएम मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह और सभी पार्टी






कार्यकताओं को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने आगे कहा, हम अधिक सीटों की उम्मीद कर रहे थे और चुनाव के बाद विश्लेषण करेंगे कि ऐसा क्यों नहीं हुआ।

नगालैंड में निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार भाजपा उसकी अलायंस पार्टनर नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी फिर से सरकार बना रहे हैं। खबर लिखे जाने तक यहां भाजपा और एनडीपीपी 38, एनपीएफ 1, कांग्रेस 0, अन्य 21 सीट पर आगे रही। मेघालय में कॉनरॉड संगमा की एनपीपी 28 सीटों पर बढ़त बनाई हुई है। वह बहुमत के आंकड़े से 3 सीट दूर है। यहां अन्य 17 सीटों पर आगे हैं, जिनमें कुछ छोटी स्थानीय पार्टियां शामिल हैं. त्रिपुरा, नागालैंड और मेघालय चुनाव के परिणामों पर केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि भाजपा जिस तरह से उत्तर पूर्व में जीत प्राप्त कर रहे हैं उसका एक कारण है कि मोदी जी ने जितना काम किया है वो लोगों तक पहुंच रहा है। चुनाव जीत रहे हैं तो इसका मतलब है कि हम लोगों का विश्वास प्राप्त कर रहे हैं।

### नगालैंड में कांग्रेस चारों खाने चित

नगालैंड में मतगणना गुरुवार सुबह आठ डाक मतपत्रों की गिनती के साथ शुरू हुई। नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने चुनाव पूर्व गठबंधन किया था। एनडीपीपी ने 40, जबकि भाजपा ने 20 सीट पर उम्मीदवार उतारे थे। वहीं, नगा पीपुल्स फ्रंट (एनपीएफ) ने 22 सीट पर चुनाव लड़ा था। वर्ष 2003 तक राज्य पर राज करने वाली कांग्रेस ने 23 सीट पर किस्मत आजमाई। वर्तमान विधानसभा में उसका कोई सदस्य नहीं है। त्रिपुरा में एक चरण में 16 फरवरी को मतदान संपन्न हुए थे, जबकि मेघालय और नगालैंड में 27 फरवरी को वोट पड़े थे। तीनों ही राज्यों में विधानसभा सीटों की संख्या 60 है। उपरोक्त तीन राज्यों में त्रिपुरा ऐसा है जिस पर राष्ट्रीय स्तर पर सबकी निगाहे थीं, क्योंकि वैचारिक रूप से यहां जीत दर्ज करना भाजपा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा था। भाजपा का प्रदर्शन महत्वपूर्ण इसलिए भी है कि क्योंकि पारंपरिक प्रतिद्वंद्वियों कांग्रेस और वाम दलों ने राज्य की 60 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव में भाजपा को चुनौती देने के लिए पहली बार हाथ मिलाया था। राष्ट्रीय दलों के बीच इस लड़ाई में प्रद्योत देबबर्मा के नेतृत्व वाला तीपरा मोथा भी है जो एक प्रदेश की राजनीति में एक प्रभावी ताकत के रूप में उभरी है।

# तमिलनाडु में बिहारी मजदूरों पर हमला, एक्शन मोड में सीएम

**केटी न्यूज/पटना**

तमिलनाडु में उत्तर बिहार मूल के मजदूरों पर जानलेवा हमले का मामला तूल पकड़ने लगा है। बिहार विधानसभा के चौथे दिन भाजपा ने इसे मुद्दा बनाकर सदन में हंगामा किया। अब इस मामले में सीएम नीतीश ने एक्शन लिया है। उन्होंने गुरुवार को ट्वीट के जरिए जानकारी दी है कि बिहार के मुख्य सचिव और डीजीपी को तमिलनाडु सरकार के अधिकारियों से बात करने का निर्देश दिया गया है। नीतीश कुमार ने अपने ट्वीट के जरिए बताया कि समाचार पत्रों के माध्यम से तमिलनाडु में काम कर रहे बिहार के मजदूरों पर हो रहे हमले की जानकारी मिली है। सीएम ने लिखा कि बिहार के मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिया गया है कि वो तमिलनाडु सरकार के अधिकारियों से बात करें और वहां रहने वाले बिहार के मजदूरों की सुरक्षा को सुनिश्चित करवाएं।

बता दें तमिलनाडु में हिन्दी भाषी मजदूरों पर जानलेवा हमला लगातार हो रहे हैं। स्थानीय लोगों द्वारा धारदार हथियार से मजदूरों पर हमला किया जा रहा है। इस हमले में करीब 4 दर्जन मजदूरों के घायल होने की सूचना है। जिसमें बिहार के मजदूर भी शामिल हैं। हिन्दी भाषियों पर हमला हफ्तेभर से जारी है। सबसे पहले त्रिपुर में हिंसा की घटना हुई थी जिसके बाद अब यह तमिलनाडू की राजधानी चेन्नई तक पहुंच गयी है। वहां फंसे मजदूर वीडियो बनाकर मदद की गुहार लगा रहे हैं। कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। किसी में मजदूरों को सड़क पर पीटा जा रहा है तो कहीं ट्रेन में घुसकर भी युवकों से पूछा जा रहा है कि वे कहां के हैं।



### बिहार विधानसभा में उठा हमला का मामला

तमिलनाडु में बिहारी मजदूरी की हत्या और उनकी पिटाई का मामला बिहार विधानसभा में उठा। सदन के अंदर नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि दर्जन भर बिहारी मजदूरों की तमिलनाडु में हत्या कर दी गई है। सदन में इस पर चर्चा करना चाहते थे लेकिन डिप्टी सीएम और सीएम मौजूद नहीं हैं। कोई मंत्री बोलने को तैयार नहीं है। विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सीएम नीतीश तुरंत सर्वदलीय बैठक बुलाएं। नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सभी पार्टियों को विश्वास में लेते हुए तमिल नाडु सरकार से बात कर पीड़ितों को वापस बुलाएं। यहां रोजगार दें। रोजगार पहले दिए होते तो मजदूरों को तमिलनाडु नहीं जाना पड़ता न हत्या होती। हत्या के लिए बिहार सरकार जिम्मेदार है। बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव पर भी विजय सिन्हा ने हमला बोला। कहा कि डिप्टी सीएम तेजस्वी वहां के सीएम के जन्मदिन में शामिल हुए। जश्न मना रहे थे। उसी समय हत्या हो रही थी। उनको पीड़ितों के परिजनों से मुलाकात करनी चाहिए थी लेकिन तेजस्वी मिलने नहीं गए।

# पश्चिम बंगाल में एडिनो वायरस का खतरा बढ़ा, अब तक कई बच्चों की गई जान

**एजेंसी/कोलकाता**

- मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, डरने की बात नहीं है क्योंकि हमने 5000 बेड की व्यवस्था की है
- दो साल तक के बच्चों का खास ध्यान रखें, उन्हें घर पर रखें

पश्चिम बंगाल में एडिनो वायरस का खतरा बढ़ता जा रहा है। अब तक कई बच्चों की मौत सांस संबंधी संक्रमण के चलते हो चुकी है। इस बीच गुरुवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एडिनो वायरस से निपटने के लिए राज्य सरकार की तैयारियों के बारे में बताया, साथ ही सलाह दी कि बच्चों को घर पर रखें। उन्होंने एडिनो वायरस संक्रमितों के आंकड़े भी साझा किए और बताया कि किन बच्चों का ज्यादा ध्यान रखना है।

समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, राज्य में एडिनो वायरस के 2 मामले हैं और 10 मामले पल्मोनरी हेमरेज सिंड्रोम के हैं। उन्होंने कहा, डरने की बात नहीं है क्योंकि हमने 5000 बेड की व्यवस्था की है। कहा कि चूंकि बच्चे मास्क नहीं पहन सकते इसलिए उन्हें घर पर रखें। दो साल तक के बच्चों का खास ध्यान रखें।

बता दें कि इससे पहले बुधवार (1 मार्च) को सात और सोमवार-मंगलवार (27-28 फरवरी) के दरमियान पांच बच्चों की मौत सांस संबंधी संक्रमण के चलते हो गई। बुधवार को स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी की ओर से कहा गया कि इस मौसम में इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारियां होना आम बात है, इसलिए घबराएं नहीं। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों की मौत हुई वे अन्य बीमारियों से भी ग्रसित थे।

### जेएनयू में धरना देने पर लगेगा भारी जुर्माना

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) प्रशासन ने इस बार कई अहम फैसले लिए हैं। नए नियमों में परिसर में धरना देने पर छात्रों पर अब 20,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। अगर कैंपस में कोई स्टूडेंट्स हिंसा करता है तो उसका दाखिला रद्द किया जा सकता है या फिर 30,000 रुपये का जुमार्ना लगाया जा सकता है। ये सभी नियम तीन फरवरी से लागू माने जाएंगे. बता दें कि ये नियम विश्वविद्यालय में बीबीसी की एक विवादित डॉक्यूमेंट्री दिखाए जाने को लेकर हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद लागू किए गए हैं। यह मामला काफी दिनों तक मीडिया की सुर्खियां बना था।




**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक को किया संबोधित**

# ग्लोबल गवर्नेंस विफल, बहुपक्षवाद संकट में हैः मोदी

**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जी20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम ऐसे समय में मिल रहे हैं, जब दुनिया विभिन्न मुद्दों पर व्यापक स्तर पर बंटी हुई है। पीएम मोदी ने कहा, जी20 की भारत की अध्यक्षता में 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' का विषय दर्शाता है कि मुद्दों पर एकजुटता और संयुक्त कार्रवाई की जरूरत है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बैठक को संबोधित करते हुए आगे कहा, ग्लोबल गवर्नेंस विफल हो गया है और बहुपक्षवाद संकट में है। प्रधानमंत्री ने रहा कि विश्व जी 20 से वृद्धि, विकास, वित्तीय स्थिरता और खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा के समक्ष मौजूद चुनौतियों को कम करने की उम्मीद करता है।



### 'समावेशी विकास के साथ आगे बढ़ना होगा'

पीएम मोदी ने कहा कि हम जिन मुद्दों को हल नहीं कर सकते, उन्हें उन मामलों के आड़े नहीं आने देने चाहिए, जिनका समाधान हम निकाल सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें समवेशी विकास के साथ आगे बढ़ना होगा। पीएम ने कहा, भ्रष्टाचार, आतंकवाद, फूड सिक्योरिटी में एक सहमति होनी चाहिए और सभी को साथ में मिलकर लड़ना होगा।

**'हमारी उन देशों के प्रति भी जिम्मेदारी बनती है, जो...'** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों के अनुभव-वित्तीय संकट, वैश्विक महामारी, आतंकवाद और युद्ध दिखाता है कि वैश्विक शासन प्रणाली अपनी जिम्मेदारी निभाने में विफल रही है। उन्होंने ये भी कहा कि भू-राजनीतिक तनाव को कैसे कम किया जाए,

### एस जयशंकर क्या बोले?

बैठक में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि आज के हमारे एजेंडे में खाद्य, उर्वरक और ईंधन सुरक्षा की चुनौतियां पर चर्चा शामिल हैं। ये वास्तव में विकासशील देशों के बनने या टूटने के मुद्दे हैं। उन्होंने कहा, लेकिन जैसा कि हम सभी जानते हैं, ये भौतिक नहीं हुए हैं। कारण भी गुप्त नहीं हैं. जितनी देर हम इसे टालते रहेंगे, बहुपक्षवाद की विश्वसनीयता उतनी ही क्षीण होती जाएगी। वैश्विक निर्णय लेने का लोकतांत्रीकरण होना चाहिए, अगर इसका भविष्य होना है।

इसे लेकर हम सभी का अपना रुख और नजरिया है। विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाएं होने के नाते, हमारी उन देशों के प्रति भी जिम्मेदारी बनती है, जो इस कक्ष में मौजूद नहीं हैं।

## खबरें फटाफट

### सड़क हादसे में अधिवक्ता गंभीर रूप से घायल

**सासाराम।** जिले के बिक्रमगंज थाना क्षेत्र में गोड़ारी मुख्य मार्ग पर गुरुवार को सलेमपुर बरना पेट्रोल पंप के पास एक बेकाबू बोलेरो ने अधिवक्ता के बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक सवार सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान अधिवक्ता बिमलेश उपाध्याय के रूप में की गई। आनन-फानन में उन्हें बिक्रमगंज के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। जहां प्राथमिक चिकित्सा के बाद गंभीर हालत देखते हुए, उन्हें बेहतर इलाज के रेफर कर दिया गया। डाक्टर ने बताया कि अधिवक्ता के सर में अंदरूनी चोट लगी है, खून भी काफी बहा है। अधिवक्ता को बेहतर इलाज के लिए बनारस के ट्रामा सेंटर ले गए। घायल अधिवक्ता वमिलेश उपाध्याय बिक्रमगंज अनुमंडलीय कोर्ट में 20 साल से प्रैक्टिस कर रहे हैं।

### करंट लगने से युवक की मौत

**आरा।** जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सरथुआ के टोला गांव के बधार में गुरुवार की दोपहर हाई टेंशन तार के चपेट में आने से खेत पटवन करने गए एक युवक की मौत हो गई। सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरातफरी मच गई। जानकारी के अनुसार मृत युवक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सरथुआ के टोला गांव निवासी विनय कुमार यादव का 23 वर्षीय बेटा अरुण कुमार है। जो प्राइवेट काम करता था। अरुण के पिता विनय यादव ने बताया कि प्रतिदिन की तरह गुरुवार भी बधार में गेंहू के खेत में पटवन करने गया था। जहां पहले से हाई टेंशन तार टूटकर पानी में गिरा हुआ था,जैसे ही अरुण पानी के तरफ गया तो उसी दौरान विद्युत प्रवाहित तार के चपेट में आने से पूरी तरह झुलस गया।

# नवजात की मौत पर हंगामा, आपस में भिड़े बच्चे के घर और ननिहाल के लोग

- सदर अस्पताल की बुधवार रात की घटना, दोनों पक्ष नवजात की मौत के लिए एक-दूसरे को ठहरा रहा थे जिम्मेदार, हुई हाथापाई
- नवजात के शव को लेकर भी दोनों पक्षों में टकराव, पहले नाना फिर पिता छीन ले गये

**केटी न्यूज/आरा**



आरा सदर अस्पताल में जन्म के बाद नवजात की मौत पर हंगामा मच गया। बुधवार की रात उसके घर और ननिहाल के लोग आपस में भिड़ गए। मामला गाली-गलौज और हाथापाई तक पहुंच गया था नवजात के शव के लिए छीनाझपट भी हुई। अस्पताल से शुरू हुआ झगड़ा बच्चे के नाना के घर तक पहुंच गया। उससे घर से लेकर सदर अस्पताल तक अफरातफरी मची रही। बाद में अस्पताल सुरक्षाकर्मियों और स्वास्थ्य कर्मियों की ओर से समझा-बुझाकर सभी को शांत कराया गया। दरअसल मामला यह है कि रोहतास जिला के बिक्रमगंज गांव निवासी अब्दुल रहमान की 20 वर्षीय पत्नी अफसाना खातून को प्रसव होने वाला था। उसे लेकर वह गत एक फरवरी को अपने मायके टाउन थाना क्षेत्र के अबरपुल आयी थी। बुधवार की सुबह उसे डिलेवरी पेन होने लगा। उसके बाद मायके वालों द्वारा उसे प्रसव के लिए सदर अस्पताल लाया गया था। वहां डॉक्टर द्वारा जांच रिपोर्ट आने के बाद पेट में पानी कम होने की बात कह ऑपरेशन करने की सलाह दी गय थी। लेकिन उसके पति अब्दुल रहमान और ससुराल वालों द्वारा ऑपरेशन कराने से मना कर दिया गया। कहा गया है कि नॉर्मल तरीके से ही प्रसव कराया जाये। उसके बाद डाक्टरों द्वारा किसी तरह नॉर्मल डिलेवरी कराया गया। उसे बेटा पैदा हुआ, लेकिन बच्चे रोया नहीं। उसके बाद नवजात को एसएनसीयू में रखा गया। कुछ ही देर बाद बच्चे की मौत हो गई।

**ऑपरेशन और नॉर्मल प्रसव को लेकर दोनों परिवारों के बीच विवाद:** नवजात की मौत के बाद अफसाना खातून मायके और ससुराल वाले आपस में भिड़ गए। दोनों पक्ष एक दूसरे पर लापरवाही बरतने के कारण बच्चे की मौत होने का आरोप लगाते रहे। एक तरफ मायके वाले उसके ससुराल वालों पर आरोप लगाया कि डॉक्टर ने ऑपरेशन को कहा तो तुमने मना क्यों कराया। ऑपरेशन नहीं होने के कारण ही बच्चे की मौत हो गई है। वहीं दूसरी तरफ ससुराल वालों की ओर से मायके वालों पर पैदा होते ही बच्चे को घर ले जाने और ध्यान सही से नहीं रखने का आरोप लगाया जा रहा था। उसके बाद अफसाना खातून के ससुराल वाले अपने मृत नवजात को लेकर अपने घर बिक्रमगंज वापस लौट गए। अफसाना को अस्पताल में ही छोड़ दिया। मृत नवजात के नाना मो. मुमताज ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी का निजी अस्पताल में इलाज कराया था। डॉक्टर द्वारा उसे ऑपरेशन करने की सलाह दी थी। लेकिन उसके पति द्वारा ऑपरेशन नहीं होने दिया। उसका कहना था कि नॉर्मल ही बच्चा चाहिए। उसकी जिद थी कि प्रसव सरकारी अस्पताल में और नॉर्मल ही पैदा होगा। उसके बाद बेटी को सदर अस्पताल लाया गया था। वहां उसका नॉर्मल प्रसव कराया गया। लेकिन पैदा होते ही बच्चे की स्थिति काफी बिगड़ गई और कुछ ही बाद उसकी मौत हो गई। बच्चे की मौत के बाद वे लोग नवजात के शव को अपने घर अबरपुल ले गए। वहां बच्चे के घर वाले धमक गये बाद वे लोग बच्चे को छीन कर अपने साथ लेकर चले गए।

## सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल सर्विलांस के जरिए लुटेरों तक पहुंची भोजपुर पुलिस

# अगिआंव बाजार लूटकांड में बक्सर के अपराधियों का हाथ, एक गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के खैरहीं-अकरहीं गांव के बीच बक्सर की रहने वाली महिला से लूटपाट का पुलिस ने खुलासा कर दिया। बक्सर के आपराधिक गिरोह द्वारा लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया था। पुलिस द्वारा घटना में शामिल एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके पास से एक देसी कट्टा, एक गोली, एक खोखा और लूटी गयी सोने की अंगुठी बरामद कर ली गयी है। गिरफ्तार बदमाश बक्सर के नावानगर थाना क्षेत्र के नानौरा टोला निवासी अशोक सिंह का पुत्र सचिन कुमार है। लूटपाट में शामिल दो अन्य अपराधियों की भी पहचान कर ली गयी है। दोनों बक्सर के सोनवर्षा इलाके के रहने वाले हैं। इनकी गिरफ्तारी को छापेमारी की जा रही है।

एसपी प्रमोद कुमार की ओर से गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि 24 फरवरी को बक्सर के बगेन की रहने वाली पूजा देवी के साथ लूटपाट की गयी थी। अपराधियों द्वारा उनकी सोने की चेन, अंगुठी व बाली छीन ली गयी थी। उसके बाद अपराधियों की गिरफ्तारी और सामान की बरामदगी को लेकर एसडीपीओ राहुल सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। टीम की ओर से सीसीटीवी फुटेज व मोबाइल सर्विलांस के जरिए लूटपाट में शामिल तीनों बदमाशों की





- एक देसी कट्टा, एक गोली, एक खोखा और लूटी गयी सोने की अंगूठी बरामद
- गिरफ्तार बदमाश बक्सर के नावानगर थाना क्षेत्र के नानौरा टोला का निवासी

पहचान की। उसके बाद एक मुख्य अपराधी सचिन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। छापेमारी में अगिआंव बाजार थानाध्यक्ष अरविंद कुमार एवं डीआईयू के अफसर और जवान शामिल थे। एसपी ने बताया कि लूटपाट की सूचना मिलते ही पुलिस एक्टिव हो गयी थी। अगिआंव बाजार, पीरो और जगदीशपुर थाने की पुलिस द्वारा अपराधियों का पीछा शुरू किया गया। पुलिस की घेराबंदी देख अपराधी बाइक छोड़कर भाग गये थे। उसके बाद पुलिस द्वारा बाइक जब्त छानबीन की गई। उसमें पता चला कि बाइक कुछ दिन पहले तरारी इलाके में छीनी गयी थी। उन्होंने बताया कि कि उसके बाद घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। मोबाइल डाटा डंप तैयार किया, तो तीनों बदमाशों की पहचान की जा सकी।

**पहले चलती बाइक से छीनी कान की बाली :** बक्सर के बगेन निवासी देवेंद्र कुमार की पत्नी पूजा देवी 24 फरवरी को अपने पति और बच्चों के साथ मायके बाइक से अगिआंव बाजार थाने के पुरैनी कला गांव जा रही थी। उसी दौरान अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के खैरहीं-अकरहीं गांव के बीच बाइक सवार बदमाशों ने चलती बाइक से उनके कान की बाली छीन ली। उसके बाद धक्का देकर गिरा दिया और सोने की अंगूठी व चेन लूटकर फरार हो गए।

### बाइक चोर गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार, दो बाइक बरामद

**आरा।** शहर की पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले एक गिरोह का खुलासा किया है। गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। उनकी निशानदेही पर चोरी की दो बाइक भी बरामद की गयी है। गिरोह के गिरफ्तार सदस्यों में उदवंतनगर थाना क्षेत्र के नवादा बेन गांव निवासी शारदा सिंह के पुत्र मुन्ना कुमार, लवकुश ठाकुर के पुत्र रोहित कुमार और बिहिया थाने के जज भड़सरा गांव निवासी स्व.भगवती सिंह के पुत्र बिट्टू कुमार शामिल हैं। एसपी प्रमोद कुमार द्वारा प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि बाइक चोरी पर अंकुश लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज के जरिए गिरोह की पहचान की जा रही है। उस बीच गत 28 फरवरी को नवादा थाना क्षेत्र के गोढ़ना रोड से एक बाइक की चोरी कर ली गयी। उसके बाद डीआईयू और नवादा थानाध्यक्ष के नेतृत्व में टीम द्वारा फुटेज के आधार पर चोर गिरोह के सदस्यों की पहचान की गयी। उसमें तीन सदस्यों को गिरफ्तार भी कर लिया गया। पकड़े गए तीनों की निशानदेही पर चोरी की दो बाइक भी बरामद की गयी है। गिरोह के अन्य सदस्यों और चोरी गयी अन्य बाइक की बरामदगी को छापेमारी की जा रही है।

## एक नजर

### जिला जज डॉ राकेश कुमार सिंह ने मृतक की पत्नी को दिया आठ लाख रुपए का चेक



**जहानाबाद।** व्यवहार न्यायलय में राष्ट्रीय लोक अदालत में हुए समझौता का चेक जिला जज डॉ राकेश कुमार सिंह के द्वारा मृतक की पत्नी ग्राम मिजार्पुर, थाना श्कुरावाद निवासी रीमा देवी को आठ लाख रुपए का चेक भुगतान किया गया। इस संबंध में आवेदिका के अधिवक्ता राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि वर्ष 2012 में हिमाचल प्रदेश के ग्राम बद्दी में आवेदिका के पति प्राइवेट काम करता था। साइकिल से जाने के क्रम में टेम्पु से धक्का मार दिया गया। जिससे आवेदिका के पति को घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। जिसके लिए जिला एवं सत्र न्यायधीश जहानाबाद में मोटर दुर्घटना के बाद ओरियंटल इंश्योरेंस कंपनी पर क्लेम दायर किया गया था। दोनों पक्षों की आपसी सहमति से राष्ट्रीय लोक अदालत में आठ लाख रुपए में समझौता हुआ। जिसके आलोक में आज जिला जज डॉ. राकेश कुमार सिंह ने मृतक की पत्नी रीमा देवी को आठ लाख रुपया का चेक दिया। जो इंश्योरेंस कंपनी द्वारा न्यायलय में जमा किया गया था। साथ ही, यह सलाह दी कि इस पैसे को भविष्य के लिए सुरक्षित रखें। वहीं, अपने ससुर एवं बच्ची को पढ़ाई लिखाई पर खर्च करें।

### भारत कोकिला की मनाई गई पुण्यतिथि

**जहानाबाद।** गुरुवार को भारत कोकिला सरोजिनी नायडू जी की पुण्यतिथि स्काउट-गाइड कार्यालय परिसर जहानाबाद में मनाई गई। जिला संगठन आयुक्त हरिशंकर कुमार ने सरोजिनी नायडू के तैल्य चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए स्काउट और गाइड को बताएं कि सरोजिनी नायडू महान कवित्री और स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी थी। देश स्वतंत्र होने पर प्रदेश की प्रथम महिला राज्यपाल बनी। यह बच्चों के ऊपर विशेष रूप से कविता लिखा करती थी। ऐसा लगता था उनके अंदर बचपन अभी भी कायम है। सरोजिनी नायडू हम भारतीयों के लिए सम्मान का प्रतीक है। उनके किए गए कार्यों से देशभक्ति की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर प्लास्टिक वारियर्स स्काउट दल से राजीव कुमार, गाइड कंपनी से वैष्णवी केसरी के साथ परिसर में उपस्थित सभी स्काउट- गाइड ने सरोजिनी नायडू जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।



### प्राचार्य डॉ. सुधीर को मिला आरएमडब्ल्यू कॉलेज नवादा का अतिरिक्त प्रभार

**जहानाबाद।** स्थानीय एसएस कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्र को मगध विश्वविद्यालय के कुलपति ने आरएमडब्ल्यू कॉलेज, नवादा का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। इसी क्रम में गुरुवार को डॉ. सुधीर कुमार मिश्र ने नवादा पहुंच कर अपना कार्यभार ग्रहण किया। इस आशय का शुभ समाचार प्राप्त होते ही स्थानीय एसएस कॉलेज के शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक सदस्यों के बीच हर्ष व्याप्त हो गया। सभी लोगों ने एक सुर में यही कहा कि कुलपति महोदय ने हमारे यशस्वी प्राचार्य को अतिरिक्त कार्य भार सौंप कर उनकी प्रशासनिक क्षमता व कुशलता को प्रमाणिकता प्रदान की है। प्राचार्य को बधाई देने वालों में प्रो. कृष्णानंद , डॉ. श्रीनाथ शर्मा , डॉ. बाल भगवान शर्मा , डॉ. श्यामाकांत शर्मा, डॉ. विनोद कुमार रॉय, सुबोध कुमार सुमन ,अनिल कुमार द्विवेदी , प्रेम कुमार, विवेक मोहन आदि शामिल थे। वहीं, आरएमडब्ल्यू कॉलेज के शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक सदस्यों ने भी प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्र के द्वारा अपने महाविद्यालय में प्राचार्य के पद पर योगदान दिए जाने के अवसर पर उनका हार्दिक स्वागत करते हुए बधाई दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के निवर्तमान प्रभारी प्राचार्य डॉ० आरती रानी साहा, बर्सर दिलमोहन साह,नोडल पदाधिकारी डॉ. अविनाश कुमार , हिन्दी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. महेंद्र कुमार, सहायक आशीष कुमार, पीयूष सुभम सहित अन्य शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक सदस्य मौजूद रहे। वहां के सभी कर्मियों एवं प्राध्यापकों का एक स्वर में कहना रहा कि डॉ. मिश्र के कुशल प्रशासनिक नेतृत्व में काम करने के मिले अवसर को वे अपना सौभाग्य समझते हैं। उन्होंने प्राचार्य को हरसंभव सहयोग करने का वादा किया। प्राचार्य डॉ. मिश्र ने माननीय कुलपति महोदय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस महाविद्यालय में भी मेरा जोर गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, अतिरिक्त क्षमता निर्माण, नामांकन लक्ष्यों को प्राप्त करने एवं शैक्षणिक समावेशन पर रहेगा। साथ ही यूजीसी के दिशा-निदेर्शों का पालन करते हुए कॉलेज परिसर में मानवीय मूल्यों और नैतिकता की संस्कृति को यथासंभव समाहित करने की कोशिश करूंगा।



# फर्जी माओवादी बन लेवी मांगने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



जिले के मखदुमपुर थाने की पुलिस ने लेवी मांगने वाले फर्जी माओवादी गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने चार दिन पूर्व प्रखंड के अमरपुर गांव स्थित संचालित ईंट भट्ठा के मालिक से माओवादी बन 50 हजार की लेवी की मांग की थी। जिसमें पुलिस अनुसंधान के बाद बदमाश को गिरफ्तार किया। साथ ही, पुलिस ने मजदूरों से छीनी गई कीपैड मोबाइल भी बरामद किया।

गिरफ्तार बदमाश टेकारी थाना के इस्माइलपुर बलबा निवासी उपेंद्र यादव बताया जाता है। मामले का खुलासा करते हुए मखदुमपुर थानाध्यक्ष रवि भूषण ने बताया कि कुछ दिन पूर्व अमरपुर गांव में संचालित प्लेया गांव निवासी पम्पी शर्मा के ईंट भट्टे पर माओवादी का पर्चा छोड़ बदमाश ने लेवी का मांगी थी। पर्चे पर बदमाश ने माओवादी की चर्चा की थी। पुलिस ने घटना में शामिल एक बदमाश को मोबाइल लोकेशन के आधार पर टिकारी थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर बलवा गांव से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाश उपेंद्र यादव के पास से पुलिस ने मजदूरों से छीनी हुई मोबाइल फोन भी बरामद किया।

# अपने स्किल को पहचानकर रोजगार करें : जिलाधिकारी

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिलाधिकारी रिची पाण्डेय ने गुरुवार को जीविका मखदुमपुर के द्वारा दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत आयोजित रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका एवं रोजगार प्रबंधक जीविका उपस्थित थे। जिलाधिकारी एवं जिला परियोजना प्रबंधक ने युवाओं को संबोधित किया एवं रोजगार हेतु मार्ग दर्शन दिया। उनके द्वारा कहा गया कि महिलाएं अपने बच्चे बच्चियों की शिक्षा पर जोर दें। उन्हें रोजगार तथा स्वरोजगार से जोड़े एवं सरकार से मिल रही





योजनाओं का लाभ उठाएं।

उन्होंने इस प्रकार से रोजगार मेला के आयोजन पर बल दिया और कहा कि युवक युवती अपने स्किल को पहचाने और उसके तहत प्रशिक्षित होकर रोजगार एवं स्वरोजगार करें। उन्होंने जीविका को इस तरह के आयोजन के लिए बधाई दी। इससे पूर्व आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए जिला परियोजना प्रबंधक श्रीमती अनीता कुमारी ने कहा की मार्गदर्शन मेला का उद्देश्य यही है कि सुंदर गांव में बैठे बेरोजगार युवक युवती को उनके कौशल के अनुसार लाभ मिले।

रोजगार मेला में सिक्योरिटी गार्ड, सेल्सएक्जीक्यूटिव ऑपरेटर मशीन ऑपरेटर आरसीटी एंड ऑपरेटर, डिलीवरी ब्वॉय, एंफोबेली, रिटेल सर्विस, सिलाई, हेल्पर कार्ड, नवभारत फर्टिलाइजर आदि विभिन्न पदों के लिए रोजगार सह रोजगार मार्गदर्शन मेला में 15 कंपनियों ने अपना अपना स्टॉल लगाया। रोजगार सह रोजगार मार्गदर्शन में 457 युवक 721 युवतियों ने नौकरी के लिए निबंधन कराया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी,रोजगार प्रबंधक, सूक्ष्म वित्त प्रबंधक वीरेंद्र शर्मा, स्वास्थ पोषण प्रबंधक अजीत कुशवाहा, क्षेत्रीय समन्वयक, एवं सामुदायिक समन्वयक अहम भूमिका निभाई।

## योग्य दंपतियों को परिवार नियोजन के स्थाई एवं अस्थाई साधन अपनाने के लिए किया जाएगा प्रेरित

# पांच से होगी मिशन परिवार विकास की शुरुआत, दो चरणों में चलेगा अभियान

- कार्यपालक निदेशक ने पत्र जारी कर दिया निदेश, योग्य दंपत्तियों को स्थाई एवं अस्थाई साधन अपनाने के लिए किया जाएगा प्रेरित

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिले में आगामी 5 मार्च से मिशन परिवार विकास अभियान की शुरूआत होगी। यह अभियान 25 मार्च तक चलेगा और दो चरणों में पूरा होगा। इसको लेकर राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक संजय कुमार सिंह ने पत्र जारी कर सिविल सर्जन को आवश्यक दिशा- निर्देश दिया है। इस अभियान को चलाने के लिए विभाग की ओर से मुहिम शुरू करने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। इसके लिए आवश्यक सभी बिन्दुओं पर कार्य किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान योग्य दंपतियों को परिवार नियोजन के स्थाई एवं अस्थाई साधन अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

### 5 से 12 मार्च तक दम्पती संपर्क सप्ताह

मिशन परिवार विकास अभियान दो चरणों में चलेगा। अभियान के तहत 5 से 12 मार्च तक दम्पती संपर्क सप्ताह मनाया जाएगा। जबकि 13 से 25 मार्च तक परिवार नियोजन सेवा सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। दम्पती संपर्क पखवाड़े के दौरान आमजन में जागरूकता लाने के लिए सही उम्र में शादी, शादी के बाद कम से कम 2 साल के बाद पहला बच्चा, दो बच्चों में कम से कम 3 साल का अंतराल एवं प्रसव के बाद या गर्भपात के बाद परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी साधनों पर जोर दिया जाएगा।

### किया जायेगा प्रचार प्रसार

जारी पत्र में निर्देशित है कि आमजन में जागरूकता लाने के उद्देश्य से ई-रिक्शा से स्थानीय स्तर पर तैयार रूट चार्ट के अनुसार जिले एवं इसके सभी प्रखंडों तथा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के क्षेत्रों में प्रचार- प्रसार किया जाये। ई-रिक्शा पर संबंधित क्षेत्र की आशा फैसिलिटेटर की नियुक्ति की जाएगी जिसकी प्रचार- प्रसार की जिम्मेदारी होगी। जारी पत्र में बताया गया है कि आमजनों को स्थल पर अस्थायी गर्भनिरोधक साधनों की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाये. ई-रिक्शा पर कंडोम बॉक्स तथा ट्रे पर अस्थायी गर्भनिरोधक के साधन प्रदर्शित किये जायेंगे और आमजनों को उपलब्ध कराये जायेंगे।

### क्या है मिशन परिवार विकास अभियान

केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा कुल प्रजनन दर प्रति महिला बच्चों की कुल संख्या में कमी, आधुनिक गर्भनिरोधों के उपयोग को बढ़ाने, गर्भनिरोधक साधनों की सामुदायिक स्तर पर पहुंच सुनिश्चित करने एवं परिवार नियोजन के प्रति जन-जागरूकता को बढ़ाने के लिए उच्च कुल प्रजनन दर की सूची में शामिल बिहार में मिशन परिवार विकास की शुरूआत की गयी है।

### परिवार नियोजन दिवस का होगा आयोजन

जारी पत्र में बताया गया है कि प्रत्येक माह की 21 तारीख को निदेर्शानुसार सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा सभी क्रियाशील हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर परिवार नियोजन दिवस का आयोजन सुनिश्चित किया जाये।

## खबरें फटाफट

### 20 लिटर शराब के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

**सिमरी।** सिमरी पुलिस ने थाना क्षेत्र के मझवारी गांव स्थित एक घर में छापेमारी कर 20 लिटर महुआ शराब के साथ एक महिला शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर कुसुमी देवी को आवश्यक पूछताछ के बाद जेल भेज दिय गया है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार निर्झर ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मझवारी के एक घर में शराब की खेप छिपाकर रखा गया है तथा वहां से तस्करी की जा रही है। इस सूचना पर एक टीम गठित कर उक्त चिन्हित घर पर छापेमारी करवाई गई। छापेमारी में उसके घर से बीस लिटर शराब बरामद हुआ। जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### दुर्घटना में जख्मी किशोर की इलाज के दौरान मौत

**डुमरांव।** मैट्रिक परीक्षा के दौरान अपने दोस्त को बाइक पर बैठा परीक्षा दिलवाने आने के दौरान एक किशोर कोरानसराय थाना क्षेत्र के सुघर डेरा के पास सड़क दुर्घटना में जख्मी हो गया था। जिसका इलाज के दौरान मौत हो गई है। बता दें कि मैट्रिक परीक्षा के दौरान 20 फरवरी को इटाढ़ी थाना क्षेत्र के जयपुर गांव निवासी बरमेश्वर सिंह का 17 वर्षीय पुत्र अक्षय कुमार अपने एक दोस्त को मैट्रिक परीक्षा दिलवाने के लिए डुमरांव आ रहा था। इस दौरान एनएच 120 के सुघर डेरा के पास उसकी बाइक विपरीत दिशा से आ रही एक बाइक से टकरा गई। जिसमें अक्षय कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया था तथा उसे इलाज के लिए पहले डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल तथा यहां से रेफर होने के बाद पटना ले जाया गया था। पटना में ही इलाज के दौरान उक्त किशोर की मौत हो गई है।

# पंचायत समिति की बैठक में अनुमोदन के लिए भेजी गईं एक करोड़ की योजनाएं

- पांच महीने अंतराल के बाद आयोजित हुई पंचायत समिति की बैठक
- बैठक में सदस्यों के निशाने पर रहा पीएचईडी विभाग, जेई की हुई खिंचाई

**केटी न्यूज/डुमरांव**





प्रखंड के सभागार में गुरूवार को पंचायत समिति की बैठक आयोजि की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रमुख अनुपा देवी ने व संचालन बीडीओ संतोष कुमार ने किया। करीब पांच महीने के लंबे अंतराल के बाद आयोजित पंचायत समिति की इस बैठक में अगले वित्तीय वर्ष के लिए विभिन्न पंचायतों से एक करोड़ की योजना को अनुमोदन के लिए भेजा गया। इन योजनाओं का चयन पिछले वर्ष 2 अक्टूबर को आयोजित आम सभा में पंचायतों द्वारा किया गया था। बैठक के दौरान सदस्यों के निशाने पर पीएचईडी विभाग रहा। सदस्यों ने कहा कि गर्मी का मौसम शुरू हो रहा है तथा पूरे प्रखंड में सरकारी चापाकल खराब पड़े है। सदस्यों की शिकायत पर बीडीओ ने बैठक में मौजूद पीएचईडी के जेई रवि कुमार को फटकार लगाई तथा मार्च महीने में सभी चापानलों को दुरूस्त करने का निर्देश दिया।

बीडीओ ने कहा कि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत अब शहरों के तर्ज पर गांवों में भी घर-घर से कूड़ा का उठाव हो रहा है। पंचायतों मे वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट का निर्माण कराया जा रहा है। इससे गांवों की तस्वीर बदलेगी। उन्होंने कहा कि इस अभियान तथा गांव की चहुमुंखी विकास के लिए सबका सहयोग जरूरी है। सदस्यों ने आरोप लगाया कि सभी पंचायतों में सैकड़ो गरीब परिवार ऐसे है जिनका राशन कार्ड नहीं बन पाया है। जिस कारण वे पीडीएस की सेवा से वंचित हो रहे है। बीडीओ ने एमओ से इसकी जांच कर वंचित लोगों का राशन कार्ड बनाने को कहा। जबकि सभी पंचायतों में मनरेगा योजनाओं को गति देने की मांग भी सदस्यों ने की।

**मनरेगा योजनाओं का क्रियान्वयन तेज करने का आदेश:** सदस्यों का कहना था कि मनरेगा योजनाओं के चलते रहने से मजदूरों को मजदूरी मिल जाती है। वहीं इस नाते गांवों का विकास भी होता है। सदस्यों की मांग पर बीडीओ ने मनरेगा योजनाओं का क्रियान्वयन तेज करने को कहा। वही सदस्यों के पूछने पर बीडीओ ने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष की योजनाओं में सिर्फ कसिया पंचायत को छोड़ अन्य पंचायतों में सभी योजनाएं पूर्ण कर ली गई है। बैठक में मनरेगा, शिक्षा, आंगनबाड़ी, चिकित्सा तथा अन्य योजनाओं पर भी गंभीरता से बात हुई। बैठक में मुखिया संघ के अध्यक्ष सह मठिला मुखिया देवेन्द्र सिंह के साथ ही सभी पंचायत समिति सदस्य व पंचायतों के मुखिया मौजूद थे।

## पिकअप वैन की ठोकर से होमगार्ड जवान की मौत, पुलिस ने जब्त किया वैन तब हुआ तस्करी का खुलासा

# रात में बांस-बल्लों की आड़ में पिकअप वैन से की जा रही थी शराब की तस्करी

- पिकअप में पटरी व बांस-बल्लों के बीच छिपाकर रखी गई थी 102 पेटी शराब
- पिकअप से शराब मिलने के बाद चालक की तलाश में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/डुमरांव**





बुधवार की देर शाम एनएच 922 पर नवाडेरा गांव के पास जिस पिकअप के धक्के से होमगार्ड जवान की मौत हुई है उस पर बांस बल्लों की आड़ में शराब की तस्करी की जा रही थी। इस बात का खुलासा तब हुआ जब दुर्घटना के बाद जब पुलिस ने जब्त पिकअप से बांस बल्लों को उतारा। पुलिस ने इस दौरान उक्त पिकअप से उत्तर प्रदेश निर्मित 750 एल के 102 कार्टन में 11 हजार 224 बोतल विदेशी शराब बरामद हुआ। जिसे देख पुलिस भौचक्क रह गई। पुलिस अबतक इसे सामान्य दुर्घटना मान रही थी। लेकिन जब पिकअप से भारी मात्रा में शराब बरामद हुआ तो पुलिस ने इस मामले की गहराई से जांच शुरू कर दी है। पुलिस उक्त पिकअप के नंबर यूपी 623 टी 5147 के सत्यापन तथा फरार चालक की पड़ताल में जुट गई है। पुलिस तकनीकी साधनों के साथ ही मुखबिरों के मदद से तस्करों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

**कहीं जानबूझकर तो नहीं मारी गई होमगार्ड जवान को टक्कर:** इस दुर्घटना के बाद कई सवाल खड़े हो रहे है। लोग इसे सामान्य दुर्घटना के बजाय साजिश मानने से भी इंकार नहीं कर रहे है। आशंका जताई जा रही है कि कही पिकअप चालक सह शराब तस्कर होमगार्ड को देख यह न समझ गया हो कि पुलिस उसके पीछे पड़ गई है और उसने जानबूझकर उसके बाइक में टक्कर मार दी हो। हालांकि पुलिस ऐसा पुष्टि नहीं कर रही है। बावजूद सूत्रों की मानें तो यह दुर्घटना सामान्य नहीं है।

**हवाई फायरिंग होने की भी कही जा रही है बात:** जानकारों की मानें तो दुर्घटना के बाद घटना स्थल के पास एक अपाची बाइक सवार युवकों द्वारा हवाई फायरिंग भी की गई है। माना जा रहा है कि शराब तस्कर बाइक से पिकअप को कवर करते आ रहे होंगे तथा दुर्घटना के बाद चालक को बचाने के लिए ही उन्होंने ऐसा किया होगा। इस बीच तत्काल पुलिस की गाड़ी वहां पहुंच गई। सूत्रों की मानें तो चालक तथा अपाची बाइक सवार वहां से पुराना भोजपुर की ओर भाग निकले।

### क्या कहते हैं एएसपी

इस संबंध में एएसपी राज ने कहा कि पिकअप से 102 कार्टन विदेशी शराब बरामद हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहां कि पिकअप चालक व मालिक की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। इस दुर्घटना के बाद कई तरह की चचाएं हो रही है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

**जख्मी होमगार्ड जवान की इलाज के दौरान मौत:** इधर दुर्घटना के बाद जख्मी होमगार्ड जवान धनोज कुमार 45 वर्ष की सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई है। दुर्घटना में उसे गंभीर चोटें आई थी तथा घटना स्थल पर ही उसकी हालत नाजूक बन गई थी। डाक्टरों द्वारा उसकी मौत की पुष्टि करते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बता दें कि होमगार्ड जवान धनोज कुमार पिता अरबिंद सिंह नावानगर थाना क्षेत्र के भटौली गांव का रहने वाला था। बुधवार की शाम करीब 8.30 बजे एनएच 922 पर नावाडेरा गांव के समीप होमगार्ड जवान के बाइक की टक्कर एक तेज रफ्तार पिकअप से उस वक्त हो गई थी, जब वह जिला मुख्यालय से अपने गांव लौट रहा था। इसी बीच हादसे का शिकार हो गया।

# बक्सर एसपी का निर्देश... लंबित कांडों का जल्द करें निष्पादन

- प्रभारी एसपी दीपक वर्णवाल ने किया डुमरांव थाने का निरीक्षण
- शराब तस्करों पर लगाम लगाने तथा फरार वारंटियों एवं अभियुक्तों को गिरफ्तार करने का दिया निर्देश

**केटी न्यूज/डुमरांव**

गुरुवार को बक्सर के प्रभारी एसपी दीपक वर्णवाल ने डुमरांव थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मुकदमों से संबंधित फाईलों को खंगालने के साथ ही लंबित कांडो के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। एसपी ने होली को देखते हुए शराब तस्करों पर लगाम लगाने तथा फरार वारंटियों एवं अभियुक्तों को गिरफ्तार करने का निर्देश थानाध्यक्ष को दिया।

पुलिस कप्तान ने इलाकाई लोगों के साथ पुलिस पब्लिक मैत्रीपूर्ण संबंध को बरकरार रखने की प्रक्रिया पर जोर दिया। अपराध नियंत्रण के साथ ही फरार अपराधियो एवं वारंटियो की गिरफ्तारी, रात्रि गश्ती एवं मादक द्रव्य विरोधी अभियान पर विशेष रूप से निर्देश दिया गया। उन्होंने बुधवार की रात नवाडेरा के पास हुई घटना का जिक्र करते हुए कहा कि सभी वाहनों की सघनता से जांच करनी है ताकी शराब तस्कर अपने मंसूबों में कामयाब न हो सके। एसपी ने कहा कि होली पूर्व तस्कर शराब की खेप मंगवाने की फिराक में लगे है। पुलिस को वान गश्त तेज करना होगा। इसके अलावे भी उन्होंने कई आवश्यक निर्देश दिए। मौकें पर एएसपी राज, थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## एक नजर

### बाल कलाकार आर्यन बाबू को कोलकाता में मिला बेस्ट चाइल्ड एक्टर का अवार्ड




**केसठ।** इन दिनों भोजपुरी एलबम और फिल्मों में लिटिल स्टार के नाम से सुर्खियां बटोरने वाले महज 8 साल के एक्टर और गायक आर्यन बाबू के भोजपुरी फिल्मों में खूब चर्चे हो रहे हैं। भोजपुरी सिनेमा में इतनी कम उम्र में शायद ही किसी को इतनी कामयाबी मिली हो जितनी आर्यन बाबू पा रहे है। हाल ही में कोलकाता में दंगल प्ले स्क्रीन एंड स्टेज सिनेमा अवार्ड द्वारा आयोजित पुरस्कार समारोह में भोजपुरी के बड़े कलाकारों के बीच आर्यन बाबू को बेस्ट चाइल्ड ऐक्टर का अवार्ड दिया गया। ज्ञात हो कि पिछले महीने इस नन्हें कलाकार को अयोध्या में सरस सलिल द्वारा आयोजित चौथे भोजपुरी सीने अवॉर्ड में आर्यन बाबू को बेस्ट चाइल्ड एक्टर अवार्ड से सम्मानित किया गया था। आर्यन बाबू को दो बार वेस्ट चाइल्ड एक्टर का अवार्ड मिलने से क्षेत्र के लोगों में हर्ष ब्याप्त है। आर्यन की कामयाबी पर जिला परिषद अध्यक्ष विद्या भारती, केसठ मुखिया अरविंद कुमार यादव उर्फ गमा पहलावन, प्रमुख मुन्ना सिंह, रामपुर मुखिया अनामिका पाण्डेय, आरडीपी पब्लिक स्कूल के निदेशक सौरभ पाठक सहित अन्य लोगो ने शुभकामना देने के साथ ही इस नन्हें कलाकार के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### डीएम ने अपीलवाद के 11 मामलों की सुनवाई की, तीन का हुआ निष्पादन

**बक्सर।** बिहार लोक शिकायत अधिकार अधिनियम 2015 के तहत डीएम अमन समीर ने गुरूवार को कुल 11 मामलों की सुनवाई की। जिसमें तीन मामलों का त्वरित निष्पाद किया। यह सुनवाई समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में की गई। कुल 11 मामले लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम से संबंधित मामलों की सुनवाई कार्यालय कक्ष में एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े पदाधिकारियों के साथ की गई। जिसमें से 03 लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम से संबंधित मामलों का निष्पादन ऑन द स्पॉट कर दिया गया। सुनवाई के क्रम में स्थापना उप समाहर्ता बक्सर, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सर्व शिक्षा अभियान बक्सर, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल बक्सर के प्रतिनिधि एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अंचलाधिकारी ब्रहमपुर, बक्सर, चौसा, राजपुर उपस्थित थे।

### वेदशिरा आश्रम परिसर में सात को मनाया जाएगा चैतन्य महाप्रभु का प्राकट्द्ध दिवस

**बक्सर।** वेदशिरा आश्रम परिसर में 7 मार्च को चैतन्य महाप्रभु श्रीकृष्ण का प्राकट्द्ध दिवस धुमधाम से मनाया जाएगा। आयोजक इस्कॉन संस्थान प्रबंधन ने इसकी तैयारी जोर शोर से शुरू कर दिया है। जन्मोत्सव के दिन कथा के साथ ही प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस्कॉन के मुख्य पुजारी मनोहर दास ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि प्राकट्य दिवस को उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि वेदशिरा आश्रम के परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। महाप्रभु श्रीकृष्ण के प्राकट्द्ध दिवस के दिन फूलों की होली खेली जाएगी। इसके पूर्व श्रीकृष्ण का दूध, दही, घी, शहद के साथ ही अन्य सामग्री से अभिषेक किया जाएगा।

# पांच सूत्री मांगों के समर्थन में वार्ड पार्षद आज देंगे धरना

**केटी न्यूज/डुमरांव**

निर्वतमान वार्ड पार्षद सोनू राय शुक्रवार को छठिया पोखरा पर धरना देंगे। उनके समर्थन में सैकड़ो महिला पुरूष इस धरना में बैठेंगे। पूर्व संध्या पर इसकी जानकारी देते हुए सोनू ने बताया कि नगर परिषद के मनमानी, मुलभूत सुविधाओं की घोर कमी तथा अधिकारियों की उदासनीता के खिलाफ इस धरना का आयोजन किया गया है।

उन्होंने कहा कि इस धरने का समर्थन बड़ी संख्या में शहरवासी कर रहे है तथा धरना ऐतिहासिक होगा। उन्होंने बताया कि शहर में पेयजल की समस्या गंभीर है। छठिया पोखरा स्थित बोरिंग से महीना में 10 दिन भी पेयजल की सप्लाई ठीक से नहीं हो पा रहा है। प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना की राशि नहीं मिलने से गरीब लाभुक परेशान है। इस योजना में भेदभाव जारी है।

शहर में लगे स्ट्रीट तथा हाई मास्ट लाइट खराब पड़े हैं। बंद पड़ी लाइटों को तत्काल चालू करने की मांग की गई है। एनजीओ के माध्यम से हो रहे सफाई व्यवस्था पूरी तरह चौपट है। सफाई के नाम पर लाखों रुपए निकासी कर बंदरबांट किया जा रहा है। कार्यपालक पदाधिकारी किसी बातों का न तो उचित जाबाव देते है और न ही वे किसी काम को पारदर्शी तरीके से संपन्न करा रहे है। इन्हीं सब मुद्दों पर धरना दिया जाएगा।

# रसोई गैस की मूल्य वृद्धि पर कांग्रेस का अनोखा विरोध

- उपला व लकड़ी के साथ किया प्रदर्शन
- बोले कांग्रेसी, गैस महंगा होने से कैसे मनेगी गरीबों की होली

**केटी न्यूज/बक्सर**



रसोई गैस की कीमत में एकमुश्त 50 रुपये की भारी वृद्धि से नाराज कांग्रेसियों ने अनोखा विरोध दर्ज कराया है। गुरूवार को कांग्रेस नेताओं ने उपला तथा लकड़ियों के साथ प्रदर्शन कर रसोई गैस के मूल्य वृद्धि का विरोध जताया। यह विरोध प्रदर्शन बिहार प्रदेश कांग्रेस के वरीय नेता टीएन चौबे के नेतृत्व में किया गया। विरोध के इस तरीके से कांग्रेस यह दिखाना चाह रही थी कि अब रसोई गैस इतना महंगा हो गया है कि गरीब लोगों की बात तो दूर मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए भी इसे खरीदना मुश्किल हो गया है।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि एक तरफ केन्द्र सरकार द्वारा उज्जवला योजना के तहत गरीबों में मुफ्त रसोई गैस तथा चूल्हा बांटा गया था। लेकिन उसके बाद गैस का मूल्य इतना अधिक हो गया है कि गरीब की बात तो दूर निम्न तथा मध्यमवर्गीय परिवार के लिए भी इसे खरीदना आसान नहीं रह गया है। कांग्रेस नेता टीएन चौबे ने कहा कि जनता पूछ रही है कि रसोई गैस इतना महंगा हो गया है तो अब होली में पकवान कैसे बनेंगे। उन्होंने कहा कि कमरतोड़ महंगाई के चलते आज हर परिवार पीछे जा रहा है। सरकार नहीं चाहती है कि लोग होली जैसा उल्लास का पर्व खुशी से मनाए। उन्होंने कहा कि केंद्र में बैठी एनडीए की सरकार अडानी-अंबानी की सरकार है। गरीबों से इन्हें कोई लेना-देना नहीं है।

इस मौके पर उपस्थित लोगों ने रसोई गैस कि कीमत में वृद्धि को फौरन वापस लेने और गैस की कीमत में कम से कम पांच सौ रुपये घटने की मांग की गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि गैस सिलेंडर का मूल्य कम नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान कांग्रेस नेता अपने हाथों मंन उपला व लकड़ी लेकर बक्सर के विभिन्न मार्गों पर पदयात्रा कर गैस सिलेंडर के मूल्य वृद्धि का विरोध कर रहे थे।

## जिला स्तरीय दक्ष खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न, खिलाड़ियों को मिला प्रमाणपत्र

# वॉलीबॉल में सिमरी, खो-खो के बालक-बालिका वर्ग में बक्सर चैंपियन

**केटी न्यूज/बक्सर**





जिला स्तरीय दक्ष खेलकूद प्रतियोगिता गुरूवार को संपन्न हुआ। अंतिम दिन बालीबाल, कबड्डी तथा खो-खो आदि खेलों का आयोजन किया गया था। समापन समरोह जिला योजना पदाधिकारी सह विशेष कार्य पदाधिकारी विनोद कुमार सिंह, सहायक निदेशक बाल संरक्षण पदाधिकारी बक्सर विकास कुमार, सहायक कोषागार पदाधिकारी बक्सर राजवन्त कुमार सिंह एवं सहायक निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी शशांक सिंह, उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा बक्सर के द्वारा संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनोद कुमार सिंह द्वारा खेल संस्कृति एवं खेल भावना को बढ़ावा देने के लिए खिलाड़ियों का आभार प्रकट किया गया। जिला स्तरीय दक्ष प्रतियोगिता को सफल बना रहे शिक्षक एवं कर्मी लाल साहब, चंदन कुमार, मदन राम, अभिषेक कुमार सिंह, संजय कुमार, दयाशंकर पाल. सत्येन्द्र कुमार सिंह, विपिन कुमार, सरविन्द्र कुमार, वशिष्ठ प्रसाद, ममता कुमारी, प्रिया रंजन, रोहित कुमार, जगनारायण सिंह, प्रियकांत सिंह एवं तकनीकी पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह, शिवशंकर चौधरी, रवि सिंह, राकेश तिवारी, मनु ओझा, अमृता कुमारी, रोहित कुमार बहेरा इत्यादि उपस्थित रहे। गुरूवार को आयोजित प्रतियोगिता के अंतिम दिन का खेल परिणाम इस प्रकार है। अंडर-14 वॉलीबॉल (बालक) विजेता सिमरी, उपविजेता चौसा, अंडर-17 बॉलीबॉल (बालक) विजेता बक्सर, उप विजेता इटाढ़ी, अंडर-17 खो-खो (बालक), विजेता बक्सर, उप विजेता राजपुर, अंडर-17 खो-खो (बालिका), विजेता बक्सर, उप विजेता चौसा, अंडर-14 कबड्डी (बालक), विजेता बक्सर, उप विजेता इटाढ़ी, अंडर-14 कबड्डी (बालिका), विजेता सिमरी, उप विजेता राजपुर, अंडर-17 कबड्डी (बालक), विजेता चक्की, उप विजेता बक्सर, अंडर-17 कबड्डी (बालिका) विजेता चौसा, उप विजेता बक्सर।

# पैदल घर जा रही किशोरी से गैंगरेप, तीनों आरोपी गिरफ्तार

**केटी न्यूज/नगरा**

नगरा थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार की रात एक किशोरी से गैंगरेप की घटना हुई है। घटना की जानकारी होते ही पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर रात तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। नगरा थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी सायंकाल अपने ननिहाल रसड़ा से आकर गड़वार मोड़ पर ऑटो से उतर कर पैदल ही घर जा रही थी। किशोरी अभी सीएचसी के समीप ही पहुंची थी कि तीन युवक उसे रोककर पूछे कि कहां जा रही हो, इस पर किशोरी ने कहा कि घर जा रही हूं। इसके बाद तीनों युवकों ने किशोरी का मुंह दबाकर सीएचसी के समीप सुनसान मकान पर ले जाकर उसके साथ बारी बारी से दुष्कर्म किया और उसे छोड़कर फरार हो गए। किशोरी ने रोते हुए अपने पिता को मोबाइल से घटना की जानकारी दी। पीड़िता के पिता ने तुरन्त थाने आकर पुलिस को घटना की नामजद तहरीर दी। थानाध्यक्ष बृजेश सिंह ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

# उपचुनाव: कड़ी सुरक्षा के बीच नवली गांव में 41.3 प्रतिशत मतदान

- ग्राम प्रधान पद के लिए 11 उम्मीदवारों के भाग्य मतपेटिकाओं में बंद
- हत्या के मामले में सजा सुनाए जाने के बाद रिक्त था वर्तमान प्रधान का पद

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



रेवतीपुर थाना क्षेत्र के नवली गांव के प्रधान पद के लिए हो रहा उपचुनाव कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच बृहस्पतिवार की सुबह सात बजे शुरू हुआ, जो शाम पांच बजे तक समाप्त हुआ। इस दौरान 41.3 पर्सेंट मतदान हुआ। किसी भी अप्रिय घटना के निपटने के लिए पीएसी सहित भारी मात्रा में पुलिस फोर्स जगह -जगह तैनात की गई थी, 14130 मतदाताओं में से करीब 50 फीसदी लोगों ने शाम चार बजे तक अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जबकि चार बजे तक यह मतदान 43 फीसदी हुआ था। इस मतदान को लेकर डीएम आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह मय लाव लश्कर के साथ हो रहे मतदान का जायजा लेने दोपहर दो बजे पहुंचे। इस दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि बूथ लूटने व मतदान को प्रभावित करने वालों को देखते ही गोली मार दी जाए। डीएम आर्यका अखौरी ने बूथों के निरीक्षण के दौरान मतदान कार्मिकों के द्वारा विद्युत की व्यवस्था न होने पर मतदान के प्रभावित होने की बात कहते ही उन्होंने संबंधित को कड़े शब्दों में हिदायत दिया कि तत्काल प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित कि जाए अन्यथा कार्रवाई तय है।

मालूम हो कि नवली में कुल 26 बूथ व सात मतदान केन्द्र बनाए गये थे। मतदान के लिए कुल 104 कार्मिक लगाए गये थे। 20 रिजर्व में रखे गये थे। मतदान की पूरी प्रक्रिया वीडियोग्राफी के बीच चल रही है। सुरक्षा के दृष्टिगत एक प्लाटून पीएसी के अतिरिक्त 13 उपनिरीक्षक,71 कांस्टेबल व हेड कांस्टेबल, 29 महिला आरक्षी सहित रेवतीपुर थाना के थानाध्यक्ष अपने दो उपनिरीक्षक,14 कांस्टेबल व पांच महिला आरक्षियों के साथ पूरे मतदान पर नजर रखे हुए हैं। मतदान को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए एसडीएम राजेश प्रसाद चौरसिया एवं सीओ विधि भूषण मौर्य मतदान केंद्र पर फोर्स के साथ कैंप किए हुए हैं। बीते तीन माह पूर्व प्रधान जमशेद राइनी को एक हत्या के मामलें में न्यायालय के द्वारा सजा सुनाए जाने के बाद से ही यहाँ पद रिक्त चल रहा था।

## खबरें फटाफट

### ससुराल आए दामाद की मौत

**बांसडीह।** बांसडीह कोतवाली थाना क्षेत्र के बाँसडीह कस्बा निवासी उत्तर टोला वार्ड नंबर 9 में बुधवार की शाम आये दामाद की अचानक तबियत खराब होने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार उत्तर टोला निवासी प्रियंका की शादी रसड़ा के डेहरी गांव के राकेश पाण्डेय से हुई थी। मृतक के तीन बच्चे हैं। प्रियंका पति की प्रताड़ना की वजह से अधिकांश अपने मायके में ही रहती थी। जबकि प्रियंका के तीनों बच्चे रसड़ा रहते थे। बुधवार की शाम राकेश बाँसडीह अपने ससुराल आया था। वह शराब के नशे में घर मे उत्पात मचाने लगा। प्रियंका के घर वालो ने इसकी सूचना पुलिस को दी।मौके पर पहुची पुलिस ने राकेश को थाने लाई। बाद में उसकी तबीयत खराब होने के बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### बाइक पलटने से दो युवक घायल

**गड़वार।** गड़वार-बलिया मुख्य मार्ग पर खडीचा मोड़ के समीप गुरुवार को दोपहर में तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए । सरयां निवासी युवक आर्यन गुप्ता, धनुष प्रजापति व त्रिकालपुर निवासी अश्विनी सिंह बलिया की तरफ से एक बाइक से आ रहे थे। खडीचा मोड़ के समीप बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई।

## जिलाधिकारी ने जिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण, दिया निर्देश

# अस्पताल में रखें सफाई, सभी कक्ष के बाहर तैनात करें गार्ड

- अस्पताल में भर्ती मरीजों से बात कर वहां मिलने वाली सुविधा के बारे में ली जानकारी
- अस्पताल के भवनों की रंगाई पुताई कराने का दिया निर्देश

**केटी न्यूज/बलिया**



जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने गुरुवार को जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इमरजेंसी वार्ड और अन्य कक्षों को देखा। उन्होंने साफ सफाई की व्यवस्था ठीक ना होने पर सीएमएस दिवाकर सिंह को फटकार लगाई और निर्देश दिया कि जल्द से जल्द साफ सफाई की व्यवस्था ठीक कराई जाए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत की और उन्हें चिकित्सालय की ओर से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मरीजों से पूछा कि उन्हें समय से दवाएं मिलती हैं या नहीं। साथ ही जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अस्पताल में भर्ती मरीजों से मिलने वाले लोगों को सीमित संख्या में रखा जाए क्योंकि इससे अस्पताल में अनावश्यक भीड़ बढ़ती है और मरीजों को ही समस्या का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने निर्देश दिया कि सभी कक्षाओं के बाहर गार्डों की तैनाती की जाए। जिलाधिकारी ने सीएमएस दिवाकर सिंह को निर्देश दिया कि अस्पताल में पार्किंग की व्यवस्था ठीक कराई जाए क्योंकि वाहनों के बेतरतीब खड़ा होने से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ती है। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने सीएमएस दिवाकर सिंह को निर्देश दिया कि चिकित्सालय के भवनों की रंगाई पुताई कराई जाए अगर बजट नहीं है तो बजट की मांग की जाए। जिलाधिकारी ने अस्पताल में खुले जन औषधि केंद्र का भी निरीक्षण किया और दवाओं के संबंध में जानकारी हासिल की।

### होमगार्ड जवान ने किया महिला का एक्सरे, वीडियो वायरल, डीएम बोले- मांगी गई है रिपोर्ट

बलिया जिला चिकित्सालय के स्वास्थ्य कर्मचारियों के अलग-अलग कारनामे इस समय सुर्खियों में बने हुए हैं। ताजा मामला जिला चिकित्सालय के डायग्नोसिस सेंटर का है। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में स्पष्ट देखा जा रहा है कि किस तरह से होमगार्ड महिला का डिजिटल एक्सरे मशीन से एक्सरे करते नजर आ रहा है। वहीं स्वास्थ्य कर्मचारी आराम फरमा रहे हैं। जिला चिकित्सालय के एक्स-रे कक्ष का वीडियो वायरल होने पर स्वास्थ्य कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। आपको बता दें कि बलिया चिकित्सालय मैं आए दिन कभी मरीजों को स्ट्रेचर ना मिलना भर्ती मरीजों को बेड चादर उपलब्ध ना होना जिला चिकित्सालय में इलाज एंट्रेंस नर्सों से कराने का मामला कई बार सामने आ चुका है लेकिन जिला चिकित्सालय की व्यवस्था उसी तरह बद से बदतर बनी हुई है। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने इस संबंध में कहा कि इसकी रिपोर्ट मांगी गई है। जिम्मेदारी तय की जाएगी रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी।

### जीएसटी विभाग ने की वाहनों पर लदे सामानों के बिलों की जांच



**मऊ।** शासन के निर्देश पर जीएसटी विभाग द्वारा चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के क्रम में गुरुवार को असिस्टेंट सेल टैक्स कमिश्नर अरविंद कुमार पाठक एवं वाणिज्य कर अधिकारी शशि प्रकाश की टीम ने लगभग आधा दर्जन चार पहिया वाहनों पर लदे हुए सामानों के बिलों की जांच पड़ताल की।

जांच के दौरान मोहम्मदाबाद आजमगढ़ मार्ग स्थित बनियापार में दोपहर को इन 2 सदस्य टीम द्वारा पिकअप वाहन को सिग्नल देकर रोका एवं वाहन चालक से सामान के कागजात मांगे। चालक द्वारा कागजात ना प्रस्तुत करने एवं अनियमित प्रपत्र से माल का परिवहन करते पाए जाने पर वाहन को माल समेत स्थानीय कोतवाली की सुपुर्दगी में दिया गया। इस बाबत असिस्टेंट कमिश्नर अरविंद कुमार पाठक ने बताया कि पिकअप में लगे हुए माल की कीमत लगभग 200000 बताई गई है और यह सामान वाराणसी से मऊ को जा रहा था। अचानक हुए इस चेकिंग को लेकर अन्य व्यापारियों में हड़कंप मचा रहा।

## एक नजर

### बच्चों ने दिया जागरुकता संदेश...दुर्घटना पर तभी लगेगा ताला, जब पहनोगे सुरक्षा की माला



**मनियर बलिया।** सड़क पर आये दिन हो रही दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए व यातायात के नियमों को पालन करने के लिए प्रज्ञा पाब्लिक स्कूल घाटमपुर मनियर के बच्चों ने गुरूवार को यातायात जागरूकता रैली निकाली। रैली को खण्ड शिक्षा अधिकारी मनियर पवन कुमार सिंह ने फीता काटकर व हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ।अपने संबोधन मे मुख्य अतिथि ने कहा कि अपना जान जोखिम में न डालें। याता यात नियमों का पालन करें । रैली मनियर बस स्टैंड से होते हुए थाना मनियर, चांदुपाकड़, बीआरसी मनियर ,होते हुए पुनः स्कुल पर आकर समाप्त हो गयी। रैली के दौरान बच्चों ने यातायात के नियम लिखे स्लोगन के माध्यम से जागरूकता फैलायी। बच्चों का नारा था कि दुर्घटना पर तभी लगेगा ताला ,जब पहनोगे सुरक्षा की माला। वाहन धीरे चलायें अपना, कीमती जीवन बचायें अपना। यातायात नियमों को अपनायें, सड़क यात्रा को सुरक्षित बनायें आदि। रैली के दौरान बच्चो के साथ मुख्य अतिथी के अतिरिक्त प्रबंधक पराशरमुनी पाल ,प्रधानाचार्य अगस्तमुनी पाल ,चन्द्रमा मिश्रा ,सुमेर चौरसिया , देवेन्द्र वर्मा , सोनू चौरसिया सहित आदि लोग रहे ।

### एआईएमआईएम पार्टी का 65 वां स्थापना दिवस बलिया में धूमधाम से मनाया गया

**बलिया।** आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी का 65 वां स्थापना दिवस पार्टी के कैंप कार्यालय व प्रदेश संयुक्त सचिव मोहम्मद शमीम खान के बहेरी स्थित आवास पर धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पार्टी का झंडारोहण किया गया। बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब जिंदाबाद, एआईएमआईएम पार्टी जिंदाबाद के नारे भी लगाए गए। साथ ही एक जुलूस निकालकर क्षेत्र का भ्रमण भी किया गया। इस दौरान लोगों को पार्टी से जुड़ने की अपील भी की गई। इस अवसर पर प्रदेश संयुक्त सचिव मोहम्मद शमीम खान ने कहा कि हमारी पार्टी पिछले 65 वर्षों से समाज में हो रहे जुल्म - ज्यादती शोषण और अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाती रही है,शोषितों,पीड़ितों,वंचितों को न्याय दिलाना ही पार्टी का मूल मकसद है,बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब के नेतृत्व में पार्टी बहुत तेजी से पूरे देश में फैल रही है,2024 लोक सभा के चुनाव में हमारी पार्टी एक मजबूत विकल्प बनकर उभरेगी,दलित,पिछड़ा आदिवासी और अल्पसंख्यक बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब को नेता मान चुका है।इस अवसर पर पूर्वांचल के सचिव कालिका प्रसाद,जिला संगठन प्रभारी मोहम्मद नसीम खान,जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता,जिला सचिव फरीद अहमद मुराद,जिला संगठन मंत्री मोहम्मद मुदस्सीर अंसारी,कोषाध्यक्ष अब्दुल्लाह अंसारी,जिला संयुक्त सचिव शमशीर अहमद,विधान सभा महासचिव कादिर हुसैन, विधानसभा संगठन मंत्री मोहम्मद शहजाद, छोटन राजभर राम कुमार राजभर, त्रिभुवन प्रसाद इत्यादि लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कार्यसमिति के सदस्य नियाज अहमद व संचालन प्रमुख जिला महासचिव महताब आलम ने किया।



# जमीनी विवाद में बीच-बचाव करने गई महिला शिक्षामित्र की पिटाई से मौत

**गाजीपुर।** मुहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के करनपुरा गांव में बृहस्पतिवार की दोपहर जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई। इस दौरान बीच बचाव करने गई शिक्षामित्र महिला की पट्टीदारों ने पिटाई कर दी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गई। उसे उपचार के लिए मुहम्मदाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बताया जाता है कि करनपुरा गांव में अरविंद भारती और पट्टीदारों के बीच जमीनी विवाद चल रहा था। दोपहर को पट्टीदार अरविंद के बच्चे को पिट रहे थे। बच्चो को पिटता देख मां सुनीता देवी(38) दौड़कर बीच-बचाव करने गई तो पट्टीदार उसके ऊपर टूट पड़े और जमकर पिटाई कर दी। जिससे सुनीता गंभीर रुप से घायल हो गयी। परिवार के लोग घायल सुनीता को उपचार के लिए अस्पताल ले गये। जहां चिकितस्कों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद वहां लोगों की भीड़ लग गयी। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। इस मारपीट में श्वेता ,विकास, आकाश को भी चोटें आयी। सुनीता देवी प्राथमिक विद्यालय पड़इनिया में शिक्षामित्र के पद पर कार्यरत थी। इस घटना के बाद परिवार में मातम छा गया।

# होली पर घर आए युवक की ससुराल जाते वक्त हुई मौत

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



सुहवल थाना क्षेत्र के ढढनी-नगसर मार्ग पर माधोपुर गाँव के समीप बीते बुधवार की देर रात बाइक से अपनी ससुराल जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। बता दें कि जितेंद्र राम (33) निवासी देवा बैरनपुर कोतवाली जमानिया की सड़क हादसे में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेंज दिया। जबकि मृतक के पास मिले आधार के जरिए घटना की सूचना उसके परिजनों को दी गई।

घटना के बाद से ही परिजनों में कोहराम मचा है। ग्रामीणों के मुताबिक बाइक सवार माधोपुर के समीप असंतुलित होकर गिर पड़ा। सर में चोट लगने से वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। खून से लथपथ वह बीच मार्ग पर ही दर्द से कराह रहा था। इसी दौरान रास्ते से गुजर रहे राहगीरों की नजर पड़ी तो उसे मार्ग से एक तरफ हटाने के साथ ही इसकी सूचना पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष बागिश बिक्रम सिंह मौके पर पहुंच गए और तत्काल घायल को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से ही पत्नी लालसा देवी सहित अन्य परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल था। मृतक के पिता अमरनाथ ने बताया कि वह अपने तीन भाईयों में सबसे बडा था। वह बुधवार को सूरत से प्राइवेट नौकरी से छुट्टी लेकर होली का पर्व मनाने गांव आया। यहाँ से वह अपने ससुराल महना अपनी पत्नी लालसा को लेने बाइक से जा रहा था। पिता ने बताया कि उसकी मां मीना देवी ने उसे गुरुवार को ससुराल जाने से मना किया था, पर वह नहीं माना।

### सड़क दुर्घटना में पुलिस कर्मी की मौत

**गाजीपुर।** गहमर थाना क्षेत्र के बारा गांव में हेड कांस्टेबल देवेंद्र कुमार की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने की खबर मिलते ही उसके पैतृक गांव बारा में कोहराम मच गया। मौत की खबर मिलते ही मृतक देवेंद्र कुमार की पत्नी प्रियंका सहित परिजनों का हाल बेहाल है। बता दें कि बीते बुधवार को वाराणसी -शक्तिनगर मार्ग पर बग्घा नाला के पास ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार हेड कांस्टेबल देवेंद्र कुमार (38) की इलाज के दौरान मौत हो गई।

## होली त्योहार को देखते हुए एक्शन मोड में खाद्य विभाग, मिलावटखोरी रोकने के लिए की गई छापेमारी

# मिलावट के विरुद्ध चला अभियान, जांच को लिये गए सात नमूने

**केटी न्यूज/बलिया/मऊ**



जिलाधिकारी रवींद्र कुमार व सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय वेद प्रकाश मिश्र के निर्देशन में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी डीके राय के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियो की जांच टीम ने अभियान के दूसरे दिन बेयासी बाजार, घोड़हरा व हल्दी बाजार में छापेमारी की। जांच टीम ने इस दौरान सात नमूने लिये।

होली त्योहार को देखते हुए विभाग मिलावटखोरी की संभावना को देखते हुए छापेमारी अभियान चला रहा है। गुरुवार को मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री राय के नेतृत्व में छापेमार दल ने सबसे पहले बेयासी बाजार में छापेमारी की और नमूने लिये। इसके बाद टीम घोड़हरा व हल्दी बाजार पहुंची और सन्देह होने पर यहां से भी खाद्य पदार्थो के नमूने लिये। छापेमार दल ने कार्यवाई करते हुए खोआ, छेना की मिठाई, काला जाम, बेसन, नमकीन आदि के सात नमूने लिए। सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय श्री मिश्र ने बताया कि छापेमारी अभियान रुकने वाला नही है। छापेमार दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी नरेन्द्र, ओमप्रकाश यादव व खाद्य सहायक दयाशंकर थे।

### मऊ में मिठाई दुकानों से लिये गए सैंपल

मऊ। होली त्योहार में मिठाई और अन्य खाद्य सामग्री में होने वाले मिलावट को देखते खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने गुरुवार को क्षेत्र की मिठाई की दुकानों की जांच की। सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा। जिसमें दुकानदारों में हड़कंप की स्थिति बनी रही। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार दीक्षित ने बताया कि होली त्योहार को देखते हुए टीम को अलर्ट कर दिया गया है जो विभिन्न बाजारों में भ्रमण करके कार्रवाई कर रही है। गुरुवार को अदरी, इंदारा की दुकानों की जांच की गई। जिसमें अदरी में संदेश मिष्ठान, प्रिंस मिष्ठान की दुकान पर मिठाई में मिलावट का संदेह हुआ, जिस पर दुकानों एक से बर्फी, एक से छेना, खोवा का सैंपल लिया गया है।

### कबड्डी-वॉलीबाल में इग्लिशपुर और युवराजपुर की जीत

**गाजीपुर।** जिला खेल कार्यालय के तत्वावधान में पं0 दीनदयाल उपाध्याय के जन्म शताब्दी समारोह के अवसर जिला स्तरीय जूनियर बालकों की कबड्डी व वॉलीबाल प्रतियोगिता गुरुवार हुई। कबड्डी खेल में कुल 8 टीमो ने प्रतिभाग किया। जिसका फाइनल मैच इग्लिशपुर बनाम नेहरू स्टेडियम गाजीपुर के बीच खेला गया। जिसमें इग्लिशपुर की टीम 15-10 से विजयी रही। प्रतियोगिता का उद्घाटन नरेन्द्र विष्वकर्मा दिव्यांग अधिकारी व रामनगीना यादव पिछड़ा समाज कल्याण अधिकारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में बृजेश सिंह कार्यवाहक अध्यक्ष ओलम्पिक संघ गाजीपुर व अमित राय रहें।

### सहजानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रोवर्स-रेंजर्स का पांच-दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**गाजीपुर।** जिले के प्रतिष्ठित स्वामी सहजानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रांगण में विगत पांच दिनों से चल रहे रोवर्स/रेंजर्स का प्रशिक्षण शिविर को 'दीक्षा' कार्यक्रम के साथ सकुशल संपन्न किया गया। विगत पांच दिनों से प्रतिदिन भारत स्काउट-गाइड के कुशल प्रशिक्षकों द्वारा रोवर्स/रेंजर्स को प्रतियोगिताओं में होने वाले विभिन्न प्रकार के आयोजनों जैसे मार्चपास्ट, वर्दी, ध्वज शिष्टाचार, टेंट निर्माण, पुल निर्माण, प्राथमिक चिकित्सा , भोजन निर्माण आदि प्रकार के कौशल सिखाए गए। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. गायत्री सिंह तथा प्रो. अजय राय ने रोवर्स-रेंजर्स छात्र -छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगिताओं में उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए विजित पुरस्कारों से सम्मानित किया। इसके पूर्व महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों ने प्रतिभागी रोवर्स-रेंजर्स के प्रशिक्षण शिविरों का निरीक्षण किया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के रोवर्स प्रभारी डॉ. सतीश कुमार राय ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की रेंजर्स प्रभारी डॉ. निवेदिता सिंह, डॉ. विलोक सिंह, डॉ. नितिन कुमार राय, डॉ. विजय ओझा, डॉ. सतीश राय, डॉ. कंचन सिंह, डॉ. विभा राय, डॉ. शिल्पी सिंह, डॉ. प्रियंका यादव, डॉ.सौम्या वर्मा, डॉ. विशाल सिंह, डॉ. सुजीत कुमार, संजय राय, डॉ. तूलिका श्रीवास्तव, डॉ.राकेश पांडेय, डॉ. राजेश गुप्ता, डॉ. विनय चौहान, सतेंद्र बहादुर राय, समीर राय, अभय यादव, सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

